जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / आर0कैम्प(सा0प्र0) / 175 / 2019 दिनांक: 21 अक्टूबर, 2019

सेवा में,

प्रबन्धक,
मीरा मेमोरियल महिला महाविद्यालय शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान,
पाण्डेयपुर, ताखा,
बलिया

विषयः– **महाविद्यालय को सहशिक्षा के अन्तर्गत संचालित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में महिला महाविद्यालय को सहशिक्षा के अन्तर्गत संचालित किये जाने हेतु प्राप्त प्रस्ताव दिनांक 20.09.2019 जिसमें महाविद्यालय द्वारा सहशिक्षा हेतु मानकानुसार भूमि की व्यवस्था एवं प्रबंध समिति की कार्यवाही संलग्न करते हुए सहशिक्षा के रूप में संचालित किये जाने की अनुमति मांगी गई थी का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

इस सम्बन्ध में महाविद्यालय द्वारा सहशिक्षा के संचालन हेतु की गयी अतिरिक्त भूमि की व्यवस्था की जांच हेतु विश्वविद्यालय के पत्र जे0एन0सी0यू0 / आर0कैम्प(सा0प्र0) / 903 / 2019 दिनांक– 20 सितम्बर, 2019 के सापेक्ष जिलाधिकारी महोदय के पत्र संख्या 700 / भू0व्य0 दिनांक– 15 अक्टूबर, 2019 द्वारा प्रेषित जांच आख्या के क्रम में मा0 कुलपति जी के आदेश दिनांक 18.10.2019 के अनुपालन में मीरा मेमोरियल महिला महाविद्यालय शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान, पाण्डेयपुर, ताखा, बलिया को महाविद्यालय को **"सहशिक्षा"** के अन्तर्गत संचालित किये जाने की अनुमति इस शर्त के अधीन प्रदान की जाती है कि महाविद्यालय के नाम में अंकित "महिला" शब्द को भूमि सम्बन्धी राजस्व अभिलेखों से विलोपित करने की कार्यवाही यथा-समय पूर्ण कर ली जायेगी।

(संजय कुमार)
कुलसचिव

पताः–शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला–बलिया,उ0प्र0 पिन कोडः–277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.jncu.ac.in E-mail :- jncuballia@gmail.com